# कार्यपत्र-7

**1. सही उत्तर पर ठीक ( ✓ ) का चिह्न लगाइए।**

(क) 'कवि' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द है– (iv) कवयित्री ✓

(ख) 'विधवा' का पुल्लिंग शब्द है– (i) विधुर ✓

(ग) 'विदुषी' का पुल्लिंग शब्द है– (ii) विद्वान ✓

(घ) 'अभिनेता' का विपरीत लिंग वाला शब्द है– (iii) अभिनेत्री ✓

(ङ) 'वीर' का स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है? (i) वीरांगना ✓

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) शब्द का वह रूप जो पुरुष तथा स्त्री जाति का बोध कराता है, लिंग कहलाता है।

(ख) पुरुष एवं स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द व्याकरण में लिंग कहलाते हैं। लिंग द्वारा ही किसी व्यक्ति, वस्तु के स्त्री या पुरुष जाति के होने का पता चलता है।

(ग) लिंग के दो भेद हैं– स्त्रीलिंग तथा पुल्लिंग।

स्त्रीलिंग – वे शब्द जिनसे स्त्री जाति का बोध हो, स्त्रीलिंग कहलाते हैं।

पुल्लिंग – वे शब्द जिनसे पुरुष जाति का बोध हो, पुल्लिंग कहलाते हैं।

(घ) निर्जीव वस्तुओं के लिंग की पहचान क्रिया एवं विशेषण से होती है।

**3. रंगीन शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

(क) आज मेरे मौसा और **मौसी** आने वाले हैं।

(ख) मंदिर में पंडित और **पंडिताइन** पूजा कर रहे हैं।

(ग) पार्क में बालक और **बालिका** खेल रहे हैं।

(घ) मदारी बंदर और **बंदरिया** का खेल दिखा रहा है।

(ङ) हलवाई और **हलवाइन** मिठाई बना रहे हैं।

(च) कल मेरे मामा और **मामी** आने वाले हैं।

**4. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए।**

(क) माता जी बाहर गई हैं। — पिताजी बाहर गए हैं।

(ख) गायक ने गीत सुनाया। — गायिका ने गीत सुनाया।

(ग) माली पौधों को पानी दे रहा है। — मालिन पौधों को पानी दे रही है।

(घ) गाँव में एक योगी आए हैं। — गाँव में एक योगिनी आई हैं।

(ङ) सेवक मालिक के लिए खाना लाया। — सेविका मालकिन के लिए खाना लाई।

(च) पुत्र ने पिता जी की सेवा की। — पुत्री ने माता जी की सेवा की।